सं०सं०–2/कोर्ट–41/2025–

बिहार सरकार

स्वास्थ्य विभाग

प्रेषक,

विनोद कुमार पाठक
सरकार के उप सचिव।

सेवा में,

महालेखाकार (ले० एवं ह०) बिहार,
वीरचन्द पटेल पथ, पटना ।

पटना, दिनांक / /2026

विषय : स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर के अवकाश खाते में संचित 240 (दो सौ चालीस) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि वित्त विभागीय परिपत्र संख्या–8889(2) वि० दिनांक–24.12.1986, पत्रांक–1829(2)वि० दिनांक 07.04.2005 एवं महालेखाकार, बिहार पटना के पत्रांक–LR : 100920260200377, LR No. : 0189/2026–2027 के आलोक स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर के अवकाश खाते में संचित 240 (दो सौ चालीस) दिनों के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान की स्वीकृति स्व० (डा०) सिंह की पत्नी उषा कुमारी सिह के पक्ष मे दी जाती है।

(2) स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिह की मृत्यु की तिथि 02.05.2025 है।

(3) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के सम्बन्ध मे अपने स्तर से पूर्णतः सतुष्ट हो जाने के उपरान्त स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर की पत्नी उषा कुमारी सिंह के पक्ष मे 240 (दो सौ चालीस) दिन के अव्यवहृत उपार्जित अवकाश के समतुल्य नगद राशि के भुगतान हेतु प्राधिकार पत्र अधीक्षक–सह–निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर के नाम से निर्गत करने की कृपा की जाय।

विश्वासभाजन

ह0/–
(विनोद कुमार पाठक)
सरकार के उप सचिव

ज्ञापांक–2/कोर्ट–41/2025– 2409 पटना, दिनांक 30/9/2026

प्रतिलिपि: असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, वैशाली (हाजीपुर)/अधीक्षक, सदर अस्पताल, हाजीपुर/कोषागार पदाधिकारी, हाजीपुर, वैशाली/उषा कुमारी सिंह, पत्नी स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर पत्राचार का पता–फ्लैट न०–1, ब्लॉक–2, मधुबन आवास, सम्पतचक, लोहियानगर, पटना, पिनकोड–800020/प्रशाखा पदाधिकारी–03, 09ए, 09बी एवं 18A को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

प्रतिलिपि : आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

30/9/26
सरकार के उप सचिव।